प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 25.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

# कृपया शिनाख्त करने में मदद करें !



दिनाँक 19.04.2021 को थाना कोतवाली महोबा अन्तर्गत जिला चिकित्सालय महोबा में उक्त **अज्ञात बुजुर्ग महिला** को इलाज हेतु भर्ती कराया गया था। जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है।

**अतः अनुरोध है कि मृतक बुजुर्ग महिला की शिनाख्त हेतु मदद करने में सहयोग करें।**

**हुलियाः-** 1. रंग साँवल 2. बाल सफेद 3. दाँत बाहर निकले हुए

**पहनावाः-** 1. साड़ी- पीली/लाल/काली 2. ब्लाउज- नीला/पीला 3. दोनो हाथों में 06 सफेद धातु की चुडियाँ पहने हैं।

**उम्र-** लगभग 60-70 वर्ष।

**कोई भी जानकारी होने पर निम्न नंबरो पर सम्पर्क करें-**

1. क्षेत्राधिकारी नगर- 9454401362
2. प्र0नि0 कोतवाली महोबा- 9454403889
3. सोशल मीडिया सेल- 7839857330

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 25.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## कोतवाली महोबा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया वाँछित अभियुक्त




आज दिनाँक 25.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत प्र0नि0 श्री अनूप कुमार दुबे द्वारा गठित टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर थाना हाजा पर पंजीकृत **मु०अ०सं० 211/21 धारा 386 भादवि** में नामजद वांछित अभियुक्त मोहित सिंह उर्फ आशू ठाकुर पुत्र रामरतन सिंह उर्फ नत्थू सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी बिलवई चुंगी आलमपुरा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा को गिरफ्तार कर बाद आवश्यक कार्यवाही माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

मोहित सिंह उर्फ आशू ठाकुर पुत्र रामरतन सिंह उर्फ नत्थू सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी बिलवई चुंगी आलमपुरा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. व०उ०नि० श्री आनन्द कुमार
2. म०हो० गीता देवी

## क्षेत्राधिकारी नगर/चरखारी द्वारा मय फोर्स के वीकेंड लॉकडाउन के दौरान लोगो की चेकिंग की गई एवं नियमों के उल्लंघन पर किये गये चालान




आज दिनाँक 25.04.2021 को उ0प्र0 शासन द्वारा लागू किये गये **वीकेंड लॉकडाउन (शुक्रवार रात्रि 08.00 बजे से सोमवार प्रातः 07.00 बजे तक)** का जनपद में पालन कराये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय मय कोतवाली महोबा पुलिस बल के शहर के आल्हा चौक पर वीकेंड लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालो को रोककर पूछताछ की गई एवं भविष्य में सख्त कार्यवाही की बात कही गई। सीओ चरखारी श्री उमेश चन्द्र मय चरखारी पुलिस बल के साथ कस्बा चरखारी में पैदल गस्त के दौरान आमजन एवं दुकानदारों को **वीकेंड लॉकडाउन** का पालन करने की हिदायत दी गई। वीकेंड लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही का भी संदेश दिया गया। पैदल गस्त के दौरान लोगो को कोरोना संक्रमण के प्रति जागरुक करते हुए **"02 गज की दूरी मास्क है जरूरी" का संदेश दिया गया एवं बहुत जरूरी होने पर ही घरो से निकलें। समय-समय पर अपने हाथों को साबुन/सैनिटाइजर से धोने की अपील की गई।** नियमो का उल्लंघन करने पर **05 ई-चालान, 18 व्यक्तियों से 4300/-रू0 शमन शुल्क वसूला गया।**



# वीकेंड लॉकडाउन के दौरान बड़े पैमाने पर फायर सर्विस टीम द्वारा किया गया सैनेटाइजेशन का कार्य

आज दिनाँक 25.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में **वीकेंड लॉकडाउन** के दौरान कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए प्रभारी अग्निशमन अधिकारी एवं फायर सर्विस टीम द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु निम्न जगहो पर सैनिटाइजेशन का कार्य किया गया एवं लोगो को जागरुक भी किया गया।

कुलपहाड़ तहसील, एसडीएम कुलपहाड़ आवास, तहसीलदार कुलपहाड़ आवास, सीओ कुलपहाड़ आवास, सीओ कुलपहाड़ कार्यालय, एसडीएम कुलपहाड़ कार्यालय, कुलपहाड़ बस अड्डा, कुलपहाड़ मार्केट, गोविंद नगर कुलपहाड़, तिवारी मार्केट, हवेली दरवाजा मार्केट, आल्हा चौक मार्केट, ऊदल चौक मार्केट, थाना श्रीनगर, बजरिया चौकी, सुभाष चौकी, भटीपुरा चौकी, कोतवाली सदर, बजरिया मोहल्ला, महिला थाना सदर आदि जगहो को सैनिटाइज किया गया।

